तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024



11 पीएमश्री विद्यालयों में हुई जिला स्तरीय बौद्धिक ...





11 शिक्षक ने कराया न्यौता भोज







NEW HOLLAND अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा SWASTIK AGRO




भव्य ॥ शुभारंभ ॥

स्वास्तिक एग्रो

पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद

हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532

सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता

HP हाइड्रोलिक लिफ्टिंग क्षमता - 1500 Kg

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph

श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph


## खबर संक्षेप

### भानुप्रतापपुर पुलिस ने कराई चित्रकला स्पर्धा



**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में 22 अक्टूबर को भानुप्रतापपुर पुलिस ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर हाई स्कूल भानुप्रतापपुर में चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। हाईस्कूल के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर एसडीओपी प्रशांत पैकरा, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख व पुलिस विभाग के अधिकारी व स्टाप उपस्थित रहे।

### डबरी में डूबने से महिला की मौत

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत गोटांज निवासी रासोबाई आंचला खेत की ओर बने डबरी में डूब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। मरारपारा गोटांज निवासी घसियाराम ने पुलिस को बताया कि मृतिका खेत डबरी में 20 अक्टूबर को डूब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**गड़बड़झाला : ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र पर जड़ा ताला और कहा- नहीं भेजेंगे बच्चे**

# दूसरे गांव से नियुक्त की आंगनबाड़ी सहायिका ग्रामीणों ने नवनियुक्त महिला को बैरंग लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/दुर्गुकोंदल

- परियोजना अधिकारी ने जिला के अधिकारी से मार्गदर्शन माँगा

महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोपालटोला में भुसुकी से आवेदन करने वाली महिला को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्त किया, वहीं ग्रामीण इस महिला का एक माह पहले से विरोध करते आ रहे है। ग्रामीणों ने जनदर्शन में आवेदन देकर ऐलान किया था कि ऐसे में गाँव के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं भेजेंगे। नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 22 अक्टूबर मंगलवार को गोपालटोला पहुँची, परंतु ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी से नवनियुक्त सहायिका को वापिस बैरंग भेज दिया, वहीं गोपालटोला से आवेदन करने वाली महिला की नियुक्ति की माँग ग्रामीण दोहरा रहे है।

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के आश्रित ग्राम गोपालटोला के आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के रिक्त पद पर गांव के आवेदक को नियुक्त करने की मांग लगातार ग्रामीण करते आ रहे है, यहाँ तक जनदर्शन में भी आवेदन किया था। परंतु महिला बाल विकास विभाग ने गोपालटोला गांव के लोगों की मांग नहीं सुनी और भुसकी गोपालटोला गांव को एक गांव मानते हुए विभागीय नियमानुसार प्रवीण्य सूची के आधार पर भुसकी रोड़पारा की आवेदक अनीता हुर्रा को सहायिका के पद नियुक्ति आदेश जारी कर दिया। नवनियुक्त सहायिका मंगलवार 22 अक्टूबर को गोपालटोला आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची, परंतु ग्रामीणों ने विरोध किया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को बैरंग वापिस लौटा दिया और दिनभर आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहा। ग्रामीण बृजलाल, चैतू, सुबे सिंह, राजेश, जनदेव पुड़ो, रामसिंह, कमलेश मंडावी, लखन, सहदेव, शिवलाल, सुनित, मानूराम, हीराबती, रमाय ने बताया कि हमारे गांव में भुसकी की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका नियुक्त किया गया है। हम चाहते हैं कि हमारे गांव के सहायिका बने, ताकि बच्चों की देखभाल सही ढंग से हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों गांव के बीच नाला है। बारिश में कार्यकर्ता भी कई दिन आंगनबाड़ी नहीं आ पाती है। बारिश में नाले में बाढ़ होने के कारण लगातार आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहता है। गांव की आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्त होने से बच्चों को पोषण आहार मिलता रहेगा, महिला बाल विकास विभाग ने हमारी बात नहीं सुनी।




### तीन माह पहले भुसकी गाँव आई

*ग्रामीणों ने बताया कि तीन महीने नवनियुक्त महिला भुसकी गांव आई है। इससे पहले बुलावंड गांव गई थी। राशन कार्ड में नाम नहीं था, सहायिका पद के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद वर्तमान में नियुक्त सहायिका ने राशनकार्ड में नाम जुड़वाई है। यह सब महिला बाल विकास विभाग के स्थानीय कर्मचारी की पूरा षड़यंत्र है। इसमें जिस अधिकारी ने षड़यंत्र रचा है, उसका भी चेहरा उजागर किया जाएगा। ग्रामीणों ने तय किया है कि नियुक्त की गई नई सहायिका को ड्यूटी करने नहीं देंगे और नई सहायिका के विरोध में बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र नहीं भेजेंगे।*

### जनदर्शन में दिए आवेदन की नहीं हुई जांच

ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने जनदर्शन में 8 अक्टूबर को आवेदन दिया था और महिला ने षडयंत्र रचकर जिस ढंग से राशनकार्ड बनाया है, उसकी जाँच किया जाना चाहिए था, परंतु ऐसा नहीं हुआ। हमारी माँग है कि पूरी सूची की जाँच करने की जरूरत है, तभी दूध का दूध पानी का पानी हो सकेगा। हमारी माँग है कि हमारे गाँव में सहायिका का काम करने के लिए महिला तैयार है, उसे नियुक्त करने के बजाए दूसरे गाँव की महिला को क्यों पदस्थ किया जा रहा है। दूसरी महिला को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जिला अधिकारी से निर्देश मांगा गया

परियोजना अधिकारी रिगबती वट्टी ने कहा कि नियमानुसार नियुक्ति की गई है। ग्रामीणों ने दावा आपत्ति करते हुए कहा था कि हम लोगों ने जो प्रस्ताव दिया था, उसके अनुसार नियुक्ति किया जाएं। ग्रामीणों ने मंगलवार 22 अक्टूबर को विरोध करते हुए नवनियुक्त सहायिका को बैरंग लौटा दिया है। इसकी पूरी रिपोर्ट जिला अधिकारी को भेजा गया है, जिला अधिकारी से निर्देश मिलने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्य मार्ग से डेंगाभर्री बस्ती तक सड़क बनवाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

- ग्रामीण कई बार लगा चुके हैं गुहार

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत मुड़पार के डेंगाभर्री के ग्रामीणो को आवागमन में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधयों व प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी आज तक सुध नहीं लिया है।

डेंगाभारी जाने के लिए मुख्य सड़क कांकेर दुधावा मार्ग से जन विज्ञान केन्द्र दुधावा सरोना नहर नाली का कच्ची सड़क जो कि डेंगाभर्री बस्ती पहुंचने का एकमात्र रास्ता है। यह रास्ता ऊबड़-खाबड़ एवं दलदल भरा कच्ची सड़क है। बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढे हो जाते हैं। वाहन लेकर उस रास्ते में जाना तो दूर की बात है, पैदल चलना मुश्किल है। स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए मुख्य सड़क तक जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। मार्ग खराब होने के कारण स्कूली बच्चों को अपने गणवेश में दाग लगने का भय रहता है। शासन की जन कल्याणकारी योजनाएं डेंगाभर्री वालों के लिए कोरा कागज के बराबर है। गली में ना ही सीसी सड़क, न ही नल जल योजना और ना ही आंगनवाड़ी केन्द्र जैसे मूलभूत योजना का लाभ ग्रामीणो को मिल रहा है। ग्राम पंचायत मुड़पार का एक हिस्सा है, सभी वार्डो से अलग होकर लगभग 25 परिवार के लोग निवासरत है। पंचायत के हर गतिविधियों और गांव के हर सुख-दुख, ⏭ शेष पेज 10 पर

### इन्होंने रखी मांग

ग्रामीण लक्ष्मी नाथ कश्यप, घुरऊ राम कोड़ोपी, रोहित कोड़ोपी, हरिचंद कोड़ोपी, घसिया कुंजाम, सुमन मंडावी, उमेश कुमेटी, ज्ञानेश सरोज, अश्वन निषाद, कौशिल्या मंडावी, जानबाई मंडावी व अन्य ग्रामीणो ने सड़क निर्माण कराने की मांग शासन प्रशासन से किया है।

## राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में केंद्रीय मंत्री से मासुलपानी सरपंच हुईं पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ कांकेर

- नई दिल्ली में आयोजित हुआ कार्यक्रम, राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिला
- जल संरक्षण के क्षेत्र में ग्रापं में हुए उल्लेखनीय कार्य

जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासुलपानी को 5 वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ पंचायत की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 22 अक्टूबर को आयोजित समारोह में केंद्रीय जल मंत्री सीआर पाटिल द्वारा ग्राम पंचायत मासुलपानी की सरपंच रमिया नेताम को पुरस्कृत किया।

गौरतलब है कि जल संरक्षण के क्षेत्र में मासुलपानी पंचायत ने बेहतर कार्य किया है। मासुलपानी ग्राम पंचायत में 161 जल शेड संरचनाएं बनाए हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 2 कुएं, 2 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही ⏭ शेष पेज 10 पर




### बेहतर जल उपयोग प्रणालियों को अपनाने किया गया प्रेरित

*राष्ट्रीय जल पुरस्कार देश भर में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा जल समृद्ध भारत के सरकार के विजन को प्राप्त करने में किए गए अच्छे काम और प्रयासों पर केंद्रित है। यह पुरस्कार लोगों में जल के महत्व के बारे में जागरुकता उत्पन्न करने और उन्हें बेहतर जल उपयोग प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए हैं।*

## लारगांव मरकाटोला में नया धान खरीदी केन्द्र खोलने की हुई मांग

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ कांकेर

- किसानों ने जनदर्शन में पहुंचकर फिर दिया आवेदन

लारगांव मरकाटोला के किसान अपनी वर्षो पुरानी मांग को लेकर जिला मुख्यालय कांकेर में हो रहे जनदर्शन समस्या निवारण कार्यक्रम में पहुंचे। अपर कलेक्टर से मुलाकात कर धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग की है।

जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में 22 अक्टूबर को लारगांव मरकाटोला के किसान कलेक्टोट्रेट में आयोजित जनदर्शन में पहुंचे और अपनी मांग रखी। पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि मरकाटोला लारगांव बहुत बड़ा गांव है, किसानों की संख्या भी बहुत ज्यादा है। आसपास में साल्हेटोला, बागोड़, मरकाटोला, कन्हनपुरी, चनार, मुजालगोंदी जैसे बड़े गांव है, इन्हें अपने धान को बेचने के लिए ग्राम पंचायत बुदेली एवं ग्राम पंचायत चवाड़ जाना पड़ता है, जिसकी दूरी 6 किमी से 10 किमी तक पड़ती है। आवागमन के दृष्टिकोण से सड़क भी बहुत खराब है, दूरी की वजह से किसानों को खरीदी केंद्र में सोना पड़ता है। लाइट और पानी की समस्या तो है, रात में जंगली जानवरों का भी खतरा बना होता है, जिससे ग्रामीण किसान जन को काफी परेशानी होती है। लारगांव मरकाटोला व अन्य गाँव के लोगों की मांग है कि नया धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया जाए। धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए पर्याप्त जगह है, जिसका नक्शा, खसरा, रकबा जमा कर दिया गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच अन्नपूर्णा ठाकुर एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




### अपर कलेक्टर ने दिया आश्वासन

*अपर कलेक्टर ने किसानों की बात को गंभीरता से सुना और किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी मांग जायज है। हम बहुत जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई कर रहे हैं। इसी सत्र में आप लोगों को नया धान खरीदी केन्द्र मिलेगा।*

**अमित कांबले ने कांकेर डीआईजी का पदभार लिया**

## नक्सल मामले में आया बदलाव, अब मिल रहीं बड़ी सफलताएं

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ कांकेर

- सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर में दे चुके है सेवाएं, क्षेत्र से हैं वाकिफ

राज्य सरकार ने 2009 बैच के आईपीएस अमित तुकाराम कांबले को कांकेर डीआईजी की जिम्मेदारी दी गई थी। मंगलवार को उन्होंने कांकेर डीआईजी का कार्यभार संभाला। कांकेर डीआईजी के अंतर्गत आने वाले तीनों जिला कांकेर, कोंडागांव और नारायणपुर की गतिविधियों की रिपोर्ट की जानकारी ली। नक्सल मामले में कहा कि पहले से परिस्थितियाएं बदली है और अब आपरेशन में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। कांकेर डीआईजी कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नवनियुक्त डीआईजी अमित तुकाराम कांबले ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि महाराष्ट्र के अकोला के रहने वाले हैं और अकोला के न्यू ईरा हाईस्कूल से अपनी स्कूलिंग किया। दसवीं में उनका 79 प्रतिशत और बारहवीं में गणित ग्रुप में 74 प्रतिशत अंक आएं। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज अमरावती से मैकेनिकल ब्रांच में इंजीनियरिंग किया और इसके बाद पुणे यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस से एमबीए किया। एमबीए करने के बाद पुणे की एक प्राइवेट ⏭ शेष पेज 10 पर



### आपरेशन के साथ-साथ विकास के कार्य भी होंगे

डीआईजी अमित तुकाराम कांबले ने कहा कि नारायणपुर में जब एसपी था, तब से अभी के समय के माहौल में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। फोर्स की संख्या बढ़ जाने के कारण लगातार आपरेशन हो रहे है। भारत सरकार ने नक्सल खात्मा का जो लक्ष्य दिया है, उसे पूरा करने के लिए तीनों जिलों में आपरेशन के साथ-साथ विकास के कार्य भी किए जाएंगे, जिससे आमजनता को मूलभूत सुविधाएं भी मिल सके। जनमिलीशिया के सदस्यों को समर्पण के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा, यह उनके जमीनी टीम है। भारत सरकार ने जो समय की गाइडलाइन दी है, उसके तहत तीनों जिलों में नक्सल खात्मा के लिए अभियान चलाया जाएगा।


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भानुप्रतापपुर शहर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि में खबरों, विज्ञापन एवं समाचार प्रतियां (अखबार) प्राप्त करने के लिये अब निम्न पते पर संपर्क करें

हरिभूमि यश न्यूज एजेंसी

संवाददाता - अभिषेक पाण्डेय

मेन चौक, कांकेर रोड, कमल सायकल के सामने, पूजा इलेक्ट्रिकल

मो. 9407909500

## खबर संक्षेप

### बरकई नाला के पास मिला नवजात का शव

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले में मां की ममता को शर्मशार करने की घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के रांधना रोड पर स्तिथ बरकई नाला के पास सोमवार की शाम एक अज्ञात नवजात का शव मिला है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की गम्भीरता को देखते हुए सूचना पर तत्काल फरसगांव पुलिस एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा और थाना प्रभारी संजय सिंदे पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुचे। जिसके बाद जांच हेतु कोंडागाँव से जांच टीम को भी बुलाया गया। देखने से नवजात का शव करीब 2-3 दिन पुराना लग रहा है। पंचनामा के बाद नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु फरसगांव के चीरघर में लाकर रखा गया। मंगलवार को नवजात के शव का पोस्टमार्टम कर जांच हेतु आवश्यक सेम्पल रखा गया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर खोजबीन की जा रही है।



### बीज विक्रेताओ को दिया गया प्रशिक्षण



**फरसगांव।** कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनसीआई के साथ साझेदारी में परिकल्पित और निर्मित साथी एक उपयोगकर्ता-उन्मुख केंद्रीकृत पोर्टल है। जिसमें नाभिकीय बीज से लेकर प्रमाणित बीज के उत्पादन प्रमाणीकरण एवं वितरण तथा इन बीजों की ट्रेसेबिलिटी के लिए तैयार किया गया है। जिससे संपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीच की गुणवत्ता शुद्धता को बढ़ावा देना सुनिश्चित किया जा सके। 22 अक्टूबर मंगलवार को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय फरसगांव में विकासखंड के समस्त बीज विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें उन्हें इस पोर्टल का महत्व और इस पोर्टल के माध्यम से बीज विक्रय कैसे किया जाना है के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर 30 बीज विक्रेता, जिला स्तर से आए हुए सहायक संचालक कृषि चंद्रशेखर कश्यप द्वारा मास्टर ट्रेनर के रूप में सभी को प्रशिक्षण दिया गया।

# केशकाल घाट के उन्नयन का कार्य शुरू, भारी वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

सोमवार से केशकाल घाट के उन्नयन का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसमें प्रारंभिक स्तर पर डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पेच एवं बीटी पेच मरम्मत का कार्य किया जा रहा है इसके लिए आज 21 अक्टूबर से आगामी दिनांक 27 अक्टूबर तक के लिए केशकाल घाट में भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छोटी चारपहिया एवं यात्री बसें केशकाल घाट से होते हुए जाएंगी। वहीं मरम्मत अवधि में भारी मालवाहक वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग निर्धारित किया गया है। इसके प्रचार प्रसार हेतु सोशल मीडिया एवं बैनर पोस्टर का उपयोग भी किया गया है। जिसके तहत प्रशासन द्वारा नगर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रमुख स्थानों पर फ्लैक्स लगाकर उसमें डायवर्टेड सड़कों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर के निर्देशानुसार केशकाल एसडीएम अंकित चौहान व एसडीओपी भूपत सिंह लगातार क्षेत्र का दौरा कर घाट मरम्मत एवं परिवर्तित मार्गों का निरीक्षण कर रहे हैं। आवश्यकतानुसार पुलिस बल भी तैनात किए गए हैं। उपरोक्त जानकारी विकास बघेल थाना प्रभारी केशकाल द्वारा जारी जानकारी मै दी है उन्होंने आगे जानकारी मै बताया की ताकि आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**प्रारंभिक स्तर पर डस्ट सफाई, डब्ल्यूएमएम पेंच एवं बीटी पेंच मरम्मत**



**भारी मालवाहक वाहनों के लिये परिवर्तित मार्ग**

- जगदलपुर से आने वाले भारी वाहनों के लिए कोण्डागांव, केशकाल, विश्रामपुरी होते हुए मचली, दुधावा, कांकेर, चारामा, धमतरी और रायपुर की ओर जाएंगी।
- दल्लीराजहरा (बालोद) राजनांदगांव जाने वाले भारी मालवाहक वाहनों के लिए कोण्डागांव, बेड़मा, धनोरा, आमाबेड़ा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, दल्लीराजहरा और राजनांदगांव के लिए जाएंगी।
- रायपुर की ओर से आने वाले भारी वाहन धमतरी से चारामा, कांकेर, दुधावा, मचली, विश्रामपुरी, केशकाल होते हुए कोण्डागांव से जगदलपुर जा सकेंगे।

**आयोजन : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश**

# धान खरीदी के लिए बनाएं समुचित व्यवस्था कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। साथ ही समय–सीमा में विभागवार लंबित विभिन्न प्रकरणों एवं आवेदनों पर कार्रवाई की जानकारी लेते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी लिए के आवश्यक तैयारियों के संबंध में दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी रखें। धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने आज समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी कार्य के लिए उपयुक्त की जांच कर सत्यापन करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र, माउस्चर मीटर और बारदाने के समुचित व्यवस्था के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंडी निरीक्षकों को भी धान खरीदी के दौरान पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए निगरानी रखने के निर्देश दिए।

- विभिन्न निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

कलेक्टर ने बैठक में राशनकार्डधारियों और उनके सदस्यों के ईकेवायसी कार्य की जानकारी लेते हुए कार्य में प्रगति लाने और पंजीकृत श्रमिकों में से शेष श्रमिकों का राशन कार्ड बनाने के निर्देश श्रम अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने बस्तर ओलंपिक के पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में पंजीयन में प्रगति आई है। पंजीयन की तिथि में 25 अक्टूबर तक वृद्धि हुई है। उन्होंने पंजीयन में और प्रगति लाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। साथ ही जिले में बस्तर ओलंपिक के आयोजन के लिए मैदानों का चिन्हांकित कर सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नये स्वीकृत आवास निर्माण में प्रगति लाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत अपूर्ण निर्माण कार्यों के प्रगति में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**नोडल अधिकारी उपलब्ध सुविधाओं का लें जायजा**

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में धान खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर शासन द्वारा धान खरीदी के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों में निर्धारित विभिन्न बिन्दुओं पर निरीक्षण कर प्रतिवेदन 30 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने कहा है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी का कार्य 14 नवंबर से प्रारंभ होगा। इस कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है। इस दौरान किसानों की सुविधाओं का भी ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि उत्पादन से अधिक धान की बिक्री, धान की अवैध बिक्री सहित सभी प्रकार के संदिग्ध गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखें। इस दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, खाद्य अधिकारी, डीएमओ, सहकारिता विभाग के अधिकारी सहित सभी खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# 188 बटालियन सीआरपीएफ ने पुलिस स्मृति दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

188 बटालियन केरपुबिल ने 21 अक्टूबर को मुख्यालय कैम्प परिसर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। कमांडेंट भवेश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार द्वारा सभी जवानों को पुलिस स्मृति दिवस के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि देश के लिए शहीद हुए पुलिस कर्मियों को याद करने तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल उपलब्धियों की गाथाओं से भरी हुई है। ये वो गाथाएं हैं, जो हमें बताती है कि किस तरह मौका आने पर हमारे वीर जवान अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए अपनी जान पर खेल गए। उनके अदम्य साहस से भरी, इन बलिदान गाथाओं ने देश के हर हिस्से में इतिहास रचा है। बलिदान की यह परम्परा 21 अक्तूबर 1959 को हिमालय की दुर्गम हॉट स्प्रिंग्स से शुरू हुई थी। समुद्रतल से 18 हजार फीट की ऊँचाई पर लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में 21 अक्तूबर 1959 को पुलिस उप अधीक्षक, करम सिंह के नेतृत्व में हमारे 21 जवान इस वीरान व दुर्गम जगह पर पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। तभी चीनी सैनिकों ने अपने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी करते हुए गश्त कर रहे दल पर हमला बोल दिया। हॉट स्प्रिंग्स एक ऐसी जगह है, जहां पर तापमान –47 डिग्री से भी नीचे चला जाता है। यहां पहुंचने के लिए पुलिस दल को 5 दिनों तक लेह में रूकना पड़ता है, ताकि वे अपने को वहां के वातावरण के अनुकूल ढाल सकें। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की इस कर्मठ गश्ती दल ने अपने से कई गुना संख्या वाले उन्नत हथियारों से लैस व प्रशिक्षण प्राप्त चीनी फौज का डटकर मुकाबला किया।

- शहीदों के परिवारों की कुशलता की कामना की गई




**समर्पित रहने के लिए किया प्रेरित**

पुलिस स्मृति दिवस पर द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार ने 01.09.2023 से अभी तक शहीद हुए सभी पुलिस बलिदानियों को याद किया। उनके परिवारों की कुशलता की कामना करते हुए सभी जवानों को हमेशा कर्मठ एवं बल के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने शहीद जवानों को श्रध्दांजलि अर्पित की गई। गार्ड द्वारा सलामी दी गई एवं मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी अभिज्ञान कुमार, उप कमांडेंट कमल सिंह मीणा, चिकित्सा अधिकारी राहुल चन्द्रन एवं सहायक कमांडेंट ओमप्रकाश बिश्नोई के साथ अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# अंतागढ़ क्षेत्र के तीन गांव में सभी घरों में नल-जल प्रारंभ

**कांकेर।** जल जीवन मिशन के तहत अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम लामन गदाम, ढूट्टापिपली एवं उमकी के सभी घरों में नल-जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है तथा संचालन एवं संधारण के लिए पंचायत को हस्तातंरण कर दिया गया है। ग्राम पंचायत आमोडी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सरपंच, सचिव, ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। समिति के सभी सदस्यों को योजना संचालन-संधारण के सम्बन्ध में पंप ऑपरेटर एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी दी गई। जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्रामवासियों की सहमति से जल कर तय किया गया।



# वान स्टील लिमिटेड हाहालददी ने छात्र कुमेश्वर की जेईई मेंस की दी फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

मीवान स्टील्स लिमिटेड शिक्षा जनसरोकार से जुड़े विषयों पर कार्य कर रही है। मीवान स्टील्स लिमिटेड ने शिक्षा के क्षेत्र में भी सराहनीय कदम बढ़ाया है। कंपनी ने विकास खण्ड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम कालागांव निवासी जेईई मेंस के छात्र कुमेश्वर की प्रथम वर्ष की पढ़ाई के लिए कलेक्टर कार्यालय के बैंक खाता में 2 लाख 11 हजार 220 रुपए जमा कर दिया है, अब कुमेश्वर की प्रथम वर्ष की पढ़ाई आसानी से होगी।

जेईई के लिए चयनित कुमेश्वर होनहार छात्र है, लेकिन आर्थिक तंगी से जेईई की पढ़ाई जारी रख पाने में परेशानी हो रही थी। इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी के प्रस्ताव और जिले के कलेक्टर के पहल पर मीवान स्टील्स लिमिटेड ने एक वर्ष की फीस छात्रावास सहित 2 लाख 11 हजार 22 रुपएजमा कर दिया है। मीवान स्टील्स लिमिटेड के अधिकारियों बताया कि कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है, कंपनी इस क्षेत्र में निरंतर कार्य करेगी। अधिकारियों का कहना है कि खनिज विभाग में रायल्टी जमा करते हैं। इस राशि को विकास के लिए माइंस प्रभावित क्षेत्र के पंचायतों के सरपंच क्षेत्र विकास के लिए प्लानिंग कर जिले से राशि प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी की स्वयं की सीएसआर मद से समय समय पर क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए खर्च करती है। कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी ने गरीब बच्चे के लिए कंपनी से सहयोग मांगा और हमने इसे पूरा कर दिया है। होनहार बच्चों को आर्थिक तंगी से जूझना नहीं पड़ेगा। कंपनी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने खड़ी है। माइंस प्रभावित क्षेत्र के पालक शिक्षा पर ध्यान दें। बच्चे होनहार बनें, उच्च शिक्षा के लिए पैसे की कमी नहीं होगी, मीवान स्टील्स लिमिटेड माइंस क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा मिले, इस दिशा में कार्य कर रही है और हमेशा आर्थिक सहयोग करने प्रतिबद्ध खड़ी है।

# भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान शुरू, लक्ष्य को करेंगे पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानु प्रतापपुर के द्वारा 20 अक्टूबर को सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत किया गया और सक्रिय सदस्य बनाया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन डिगेश खपार्डे, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ हेम प्रकाश शिवहरे, जिला भाजपा कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी, उपाध्यक्ष संकेत नसीने, राहुल सिंह धुन्ने, मनीष सदानंद, जुगल किशोर शर्मा, छत्रपाल यदु, वरुण खापर्डे, अभिषेक श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति में भाजपा के सक्रिय सदस्य अभियान की शुरूआत किया गया। सर्वप्रथम भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हेम प्रकाश शिवहारे की पर्ची काटकर सक्रिय सदस्य बनाया साथ ही सहयोग राशि के रूप में 400 रुपए भी लिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बूथ स्तर पर जो सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, उसे भानुप्रतापपुर मंडल में पूरा किया जाएगा।



# स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी इंदरु केंवट को दी श्रद्धांजलि

**दुर्गुकोंदल।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी इंदरु केंवट के पुण्यतिथि पर उनके स्मृति स्थल सुरुंगदोह में शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा, महिला शिवसेना प्रदेश महासचिव संत उईके, शिवसेना दुर्गकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष चेनू राम सिवाना, अणेश नूरते, भोले पाल, कालू द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शिवसेना के पदाधिकारियों ने कहा कि आज समाज में अन्याय, अत्याचार, शोषण हो रहा है, जबकि हमारे आजादी के दीवानों ने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी। जिसमें ना अन्याय होगा, ना अत्याचार होगा, ना शोषण होगा, ना जातिवाद होगा, किंतु समाज के तथाकथित ठेकेदारों द्वारा आज देश को बांटकर गुलाम करने की ओर प्रेषित किया जा रहा है। शिवसेना अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शपथ लेती है कि मरते दम तक देश की आजादी की रक्षा करेगी एवं देश के युवाओं से आह्वान करती है की जाति, छुआछूत, भेदभाव,धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्र के बारे में सोच रखें और राष्ट्र को एक नई दशा और दिशा दे।



# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण के लिए दावा-आपत्तियां अब 30 नवंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अन्तर्गत दावा-आपत्ति प्राप्त करने की तिथि पूर्व में 23 अक्टूबर थी, जिसे बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। आयोग द्वारा इसका संशोधित आदेश जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि नगरपालिकाओं के आम/उप निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया है। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा-आपत्तियां प्राप्त करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण में नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के लिए दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय 30 अक्टूबर को अपरान्ह 03 बजे निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार दावा-आपत्तियों का निपटारे की अंतिम तिथि और प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 नवंबर तथा प्राप्त दावों का निराकरण 12 नवंबर को किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर किया जा सकेगा। साथ ही सॉफ्टवेयर में 20 नवंबर तक परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि की जाएगी। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच 22 नवंबर तक कराकर जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। इसके बाद 25 नवंबर तक अनुपूरक सूची का मुद्रण और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करने के पश्चात निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 27 नवंबर 2024 को किया जाएगा।

# दुर्घटनावश स्वयं के हथियार से चली गोली से प्रधान आरक्षक की हुई थी मौत, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

94 बटालियन बीएसएफ कैंप मरबेड़ा में पदस्थ जवान प्रधार आरक्षक को गोली लगने से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक औरंगाबाद जिला के रिसुप थानांतर्गत सारसा निवासी 46 वर्षीय मदन कुमार पिता मानदेव सिंह 94 बटालियन बीएसएफ कैम्प मरबेडा से आरएसओ ड्यूटी पर तैनात था। प्रधान आरक्षक मदन कुमार अपने साथी मोदोन दारिग को बीपी जैकेट और मोटोरोला सेट देकर शौच के लिए चला गया। मृतक का पीव्ही 93 की महिला सुचित्रा दास के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के द्वारा फोन के माध्यम से स्थान तय कर घटनास्थल पर पहुंचे। प्रआर मदन कुमार शराब के नशे में था। दोनो एक साथ मिले, जिसके पूर्व मृतक ने हथियार लोड कर रखा था। हथियार का सेप्टीकेच लॉक नहीं करने से अपने हथियार को उठाने के दौरान दुर्घटनावश हथियार से गोली चलने से मदन कुमार के टुड्डी में गोली लगने से मौत हो गई। मृतक का शव पंचनामा एवं सीन ऑफ क्राइम टीम से जांच कराई गई। मृतक की मौत दुर्घटनावश स्वंय का हथियार से गोली चलने एवं लगने से होने पर धारा 304 (ए) भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शिविर में ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**धनेलीकन्हार।** विकासखण्डस्तरीय एकदिवसीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम कुरूष्टीकुर के बाजार स्थल में 21 अक्टूबर की सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया गया। जिसमें आयुर्वेद पद्धति से 267, होम्योपैथी से 86, यूनानी के 75 कुल 428 ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार किया गया व औषधि वितरण किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य तामेंश्वरी हिचामी, अध्यक्षता सरपंच अशोक कचलाम, विशिष्ट अतिथि मन्नू राम कांगे, छेदू राम मंडावी, हरिशंकर पटेल, अर्जुन नरेटी, तामेश्वर यादव, जयलाल कांगे रहे। शिविर को सफल बनाने में शिविर प्रभारी डॉ. सचिन विरखेड़े, डॉ. किरण तारम, डॉ. ज्योति बाला, डॉ. कांता नेताम, डॉ. ताता राव, डॉ. पुष्पा ध्रुव, अभिजीत भक्त, कुलदीप धीवर, जगन्नाथ साहू, सुशील साहू फार्मासिस्ट, घनश्याम पोरते, निकेश, प्रमेश कचलाम का योगदान रहा।




## पेज 9 के शेष

### मुख्य मार्ग से...

आर्थिक मदद में कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। डेंगाभर्री के ग्रामीणों ने बताया कि पहला आवेदन लोक सुराज समस्या समाधान शिविर धनेसरा में दिया था, जहाँ घोषणा हुई थी कि पक्की सड़क बनाई जाएगी। दूसरा आवेदन जन समस्या समाधान शिविर मुड़पार में प्रशासनिक अधिकारियों को दिए गया। तीसरा आवेदन ग्राम सभा ग्राम पंचायत मुख्यालय में दो बार प्रस्तुत किया गया। जागेश्वर निषाद ने बताया कि हमें मुख्य सड़क से अपने अंतिम गली तक सीसी सड़क निर्माण की आवश्यकता है। बरसात के दिनों में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।

### राष्ट्रीय जल पुरस्कार...

जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। जल संरक्षण और इसके समुचित उपयोग की दिशा में इस नवाचार के लिए मासुलपानी ग्राम पंचायत को पुरस्कृत किया गया है। जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। लोगों में जल के महत्व के बारे में जागरुकता उत्पन्न करने और लोगों को जल उपयोग प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान दिया जाता है।

### नक्सल मामले में...

कंपनी में डेढ़ माह तक जॉब किया, फिर यूपीएससी के अपने सपने को पूरा करने के लिए जॉब छोड़कर पुणे में रह यूपीएससी की तैयारी शुरू की। पहले और दूसरे प्रयास में साक्षात्कार तक पहुंचे परंतु अंतिम चयन से चूक गए। तीसरे प्रयास में अमित इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के लिए चयनित हुए। चयन के बाद भी शांत नहीं बैठे और चौथी बार भी साक्षात्कार तक पहुंचे, परंतु सर्विस अपग्रेड नहीं हो पाया। पांचवीं बार फिर से कोशिश किया और 491 वीं रैंक के साथ आईपीएस के लिए चयनित हुए। प्रारंभिक परीक्षा में जनरल स्टडीज के साथ एक ऑप्शनल सब्जेक्ट के रूप में लोक प्रशासन लिया, जबकि मुख्य परीक्षा में उनके वैकल्पिक विषय लोक प्रशासन व समाजशास्त्र थे।

डीआईजी अमित तुकाराम कांबले 31 अगस्त 2009 को आईपीएस की सर्विस ज्वाइन किया। सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट हैदराबाद से प्रशिक्षण खत्म कर छत्तीसगढ़ कैडर में आने पर उन्हें प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर रायपुर जिले में पोस्टिंग मिली। रायपुर में खरोरा थाना के प्रभारी रहे। इसके बाद दंतेवाड़ा व सुकमा में एसडीओपी व एडिशनल एसपी रहे। पुलिस अधीक्षक के तौर पर पहली पोस्टिंग अमित कांबले को नारायणपुर जिले में पोस्टिंग मिली। नारायणपुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान में अमित तुकाराम कांबले के नेतृत्व में काफी सफलता मिली और कई एनकाउंटर किए थे। इसके साथ ही अंदरूनी क्षेत्रों में पुलिस सुरक्षा में सड़के बनवाई गई। नारायणपुर में नक्सल प्रभावित एरिया में नक्सलियों पर दबाव बना कर नियंत्रण रखने हेतु बासिंग कैंप अमित कांबले के समय में ही बनाया गया। ओरछा- बासिंग रोड भी इन्हीं के कार्यालय में शुरू हुई थी। नारायणपुर के बाद अंबिकापुर जिले के पुलिस अधीक्षक भी रहे। गरियाबंद में 8 जून 2015 से 29 सितंबर 2016 तक 15 माह गरियाबंद के एसपी रहे। गरियाबंद एसपी रहते हुए ही हुए प्रधानमंत्री को सुरक्षा देने वाले स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप अर्थात एसपीजी में डेपुटेशन पर गए। डेपुटेशन से लौटने पर सीएम सिक्योरिटी का प्रभार मिला और माना बटालियन में कमांडेंट भी रहें। माना बटालियन के बाद एक बार फिर से उन्हें गरियाबंद जिले का एसएसपी बना कर भेजा गया। गरियाबंद में दूसरी बार पुलिस कप्तानी संभालने के उपरांत कांकेर डीआईजी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया पथ संचलन



**भानपुरी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा विजय उत्सव के शुभ अवसर पर रविवार को ग्राम करंदोला भानपुरी के राष्ट्रीय राजमार्ग में पथ संचलन किया गया। शस्त्र पूजन के साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूर-दराज से स्वयं सेवकों ने भाग लिया। पथ संचलन के दौरान पुष्प वर्षा भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तहसील परिसर में संपन्न हुआ। जहां मुख्य वक्ता राजबहादुर सिंह राणा थे।

### ब्रह्मांड के विषय में विद्यार्थियों को दी जानकारी



**जगदलपुर।** आदेश्वर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 3 डी प्लैनेटेरियम शो डोम के अंदर ब्रह्मांड विज्ञान के माध्यम से बच्चों को संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों को ब्रह्मांड विज्ञान के अंतर्गत पृथ्वी का निर्माण और विकास, त्रासिक काल, मून जर्नी, अलौकिक पृथ्वी, चॉकलेट ग्रह की खोज, आकाशगंगा के आठ रूप, विचित्र चंद्रमा इन सभी के बारे में तारामंडल के माध्यम से जानकारी प्रदान कर महसूस कराया गया कि वे ब्रह्मांड की यात्रा कर रहे हैं। इस प्लेनेटेरियम शो में विद्यालय की प्राचार्य बलवीर कौर एवं सभी बच्चे तथा स्कूल के शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पीएमश्री विद्यालयों में हुई जिला स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिताएं

**विद्या वैभव (ओलम्पियाड), मंथन-मंडल (वाद-विवाद), डिजिटल क्वेस्ट एवं डिस्कवर एण्ड लर्न प्रतियोगिताएं शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश अनुसार दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिले के पीएमश्री विद्यालयों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावांगा गीदम में 21 से 22 अक्टूबर तक किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के पूर्व पीएमश्री विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता 14 एवं 15 अक्टूबर को आयोजित किया गया था। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एसके अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम, पीएमश्री विद्यालयों के सहायक नोडल कमल कर्मकार, एकलव्य विद्यालय की उपप्राचार्य वृषभान खांडेकर ने दो दिवसीय जिला स्तरीय पीएमश्री विद्यालयों की प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से निश्चित रूप से जिले के बच्चों के समग्र विकास हेतु लाभदायक होगा, बच्चों में रचनात्मक एवं नवाचार की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। वाद विवाद प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़, डिजिटल क्वेस्ट, गतिविधियों से उनमें टीमवर्क एवं नेतृत्व की क्षमता का विकास होगा। बच्चे स्मार्ट टीवी का उपयोग कर पा रहे हैं, जो कि दंतेवाड़ा जिले के लिए बहुत ही आवश्यक है।

इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग कक्षा 3री से 8वीं तक एवं सीनियर वर्ग में 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्या वैभव (ओलम्पियाड), मंथन-मंडल (वाद-विवाद), डिजिटल क्वेस्ट एवं डिस्कवर एण्ड लर्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में राकेश मिश्रा, व्याख्याता, मुन्ना मरकाम कला शिक्षक एवं सीमा चौहान व्याख्याता रहे। कार्यक्रम के समापन में पीएमश्री विद्यालय सहायक नोडल कमल कर्मकार एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण की उपप्राचार्य खांडेकर के द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएमश्री विद्यालयों के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### नल-जल योजना का रख-रखाव करेंगे पंचायत : कलेक्टर



**बीजापुर।** इन्द्रावती सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा ने सोमवार को ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की। जहां उन्होंने भारत सरकार की हर घर नल-जल योजना के सफल संचालन हेतु ग्राम पंचायत को रख-रखाव की जिम्मेदारी देते हुए नल में पानी की सप्लाई, स्वच्छता एवं सफाई के अलावा सोलर पैनल की मरम्मत संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने जनपद सीईओ सहित ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया। आयोजित बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमन्त रमेश नंदनवार ने मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति से अवगत कराया। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ब्लॉक समन्वयक को जिले में पूर्ण आवासों को दीपावली के पावन पर्व पर गृह प्रवेश कराने निर्देश दिए। साथ ही नये स्वीकृत आवासों के जल्द भूमिपूजन किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तर पर योजना के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ सहित ब्लॉक स्तर के योजनाओं में कार्य करने वाले अधिकारी सहित तकनीकी अमले के अलावा ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# शहीद जवानों को याद कर मनाया गया स्मृति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग इलाके के करम सिंह के नेतृत्व में 21 जवान इस वीरान व दुर्गम जगह पर पेट्रोलिंग ड्यूटी पर थे। तभी चीनी सैनिकों ने अपने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी कर हमारे गश्ती दल पर हमला बोल दिया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद केन्द्रीय रिवर्ज पुलिस बल की इस कर्मठ गश्ती दल ने अपने से कई गुना संख्या वाले उन्नत हथियारों से लैस व प्रशिक्षण प्राप्त चीनी फौज का डटकर मुकाबला किया। हमारे जवानों के पास जब तक उनकी राइफलों में एक भी गोली बाकी थी, दुश्मन से लड़ते रहे। इस कार्यवाही में 10 जवान शहीद हो गए। शहीद हुए जवानों को स्मरण करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति 222 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नैमेड़, बीजापुर में सोमवार को भारत के विभिन्न राज्य पुलिस एवं केन्द्रीय पुलिस बलों में 1 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक शहादत को प्राप्त हुए जवानों को स्मरण किया गया। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर सुबोध कुमार द्वितीय कमान अधिकारी व कुमार ओमप्रकाश, ललित किशोर उप कमाण्डेन्ट, डॉ. राखी राज वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं जवान इस मौके पर मौजूद रहे।

# शिक्षक ने कराया न्यौता भोज

**छात्रों के साथ जमीन पर बैठकर नेता-अधिकारी, पालक ने किया भोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नकुलनार



शिक्षा के स्तर में सुधार आये, ट्राइबल क्षेत्र के बच्चे रुचि से स्कूलों में आकर पढ़ाई करें। इस कॉन्सेप्ट को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने न्यौता भोज जैसे आयोजन को स्कूलों में करने को कहा। दरअसल न्यौता भोज में कोई भी क्षेत्र का जनप्रतिनिधि, पत्रकार, शिक्षक या बच्चों के पालक न्यौता भोज करवा सकते है। आज श्यामगिरी संकुल के कोटवारपारा के प्रधान पाठक सुधीर चौहान ने स्कूल में न्यौता भोज का भव्य आयोजन किया। जिसमें जनप्रतिनिधियों में अनोज भदौरिया, सुमित भदौरिया, बीईओ वीणा गौतम स्कूल के 50 छात्र,10एसएमसी सदस्य व छात्रों के पालक और जनप्रतिनिधियों के साथ जमीन पर बैठकर भोजन किये। न्यौता भोज आयोजन को लेकर भाजपा नेता सुमित भदौरिया ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में विशेष महत्व रखता है। ऐसे आयोजनों में सभी पहुंचते है, तो शाला की पढ़ाई से लेकर अन्य व्यवस्था पर भी चर्चा होती है।

# दरभा मंडल में सक्रिय सदस्यता अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा



भाजपा का सदस्यता अभियान लगातार जारी हैं, प्राथमिक सदयस्ता अभियान से पार्टी अब सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू कर रही हैं। इसी सिल-सिले में आज भाजपा मंडल दरभा की बैठक सामुदायिक भवन कामानार में आयोजित की गई।

जहां कार्यकर्ताओं के बीच जिला सदस्यता अभियान संयोजक योगेंद्र पाण्डे एवं जिला महामंत्री रामाश्रे सिंह सम्मिलित हुए, जिन्होंने मंडल अध्यक्ष फूलसिंह सेठिया मंडल महामंत्री पीडी हरीश, पंचायत प्रकोष्ठ अध्यक्ष दरभा मंडल गागरा राम नाग, जनपद उपाध्यक्ष अनंत राम कश्यप, मिडिया प्रभारी सुरेश सिंह को अपने उपस्थिति में सक्रिय सदस्यता फार्म भरवाया। गौरतलब हैं कि दरभा मंडल में 61 पोलिंग बूथ हैं, और प्रत्येक बूथ में कम से कम 2 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। सक्रिय सदस्य बनने वाले सदस्य को अलग-अलग संख्या में प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया हैं। एक सामान्य कार्यकर्ता को सक्रिय कार्यकर्ता बनने के लिए कम से कम 100 प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया हैं, इस तरह से पार्टी की सदस्यता अभियान जिसे पार्टी की ओर से सदस्यता महापर्व का नाम दिया गया है, आगे बढ़ रही हैं। आगामी पंचायत चुनाव को देखते हुए पार्टी विशेष रूप से अपने कार्यकर्ताओं को तैयार कर रही हैं। आज के बैठक में दुर्जन कश्यप, महेश बघेल, दलपत राय, नकुल सिंह ठाकुर, डुंडुल नाग, नारायण, रामसिंह नाग, नानी राम कश्यप के साथ अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# तुरपुरा में हुआ बाल संदर्भ योजना कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

आयुष विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तुरपुरा में एकदिवसीय बाल संदर्भ योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें डॉ. हेमंत यादव के द्वारा बालिका एवं महिलाओं को पर्सनल हाइजिन और खून की कमी और उससे बचाव के उपाय बताए गए एवं दिनचर्या स्वस्थ वृत्त की जानकारी दी गयी।

इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाइजर रामेश्री साहू एवं सेक्टर सुपर वाईजर मालती नेताम समेत मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। इसमें कुल 35 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गंभीर बच्चों को एनआरसी भानपुरी ले जाने के लिए प्रेरित किया गया।

# सर्वदलीय पार्षद दल ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दक्षिण बस्तर की बरसो पुरानी एवं अत्यंत महत्वपूर्ण मांग मेडिकल कॉलेज निर्माण की घोषणा गीदम में करने हेतु की गई थी, जिसके लिए कई बार नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रवीश सुराना, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष विमल सुराना एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से निवेदन किया गया था। जिसके परिणाम स्वरुप मेडिकल कॉलेज गीदम में निर्माण की घोषणा विधानसभा के बजट सत्र में होने से गीदम नगर सहित बीजापुर जिला, नारायणपुर जिला, सुकमा जिला के निवासी हर्षित थे।

गीदम नगर कई जिलों के केंद्र बिंदु होने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने भी मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु गीदम को चुना था। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मिली जानकारी अनुसार मेडिकल कॉलेज निर्माण गीदम के स्थान में ग्राम पंचायत चितालंका, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में किए जाने की खबर मिली है। जिस हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी रवीश सुराना के नेतृत्व में नगर पंचायत गीदम के उपाध्यक्ष मनकूराम लेकामी सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मुलाकात की। सुराना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप मेडिकल कॉलेज गीदम क्षेत्र में खुलना चाहिए, जिससे दंतेवाड़ा जिला सहित बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा सहित नदी उस पार के ग्रामीण जनों को इसका लाभ प्राप्त होगा। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में पूर्व से ही जिला अस्पताल में चिकित्सा संबंधित सभी सेवाएं उपलब्ध हैं, जिसका लाभ कुआकोंडा, कटेकल्याण सहित आस-पास के लोगों को मिल रहा हैं। उन्होंने अपने तर्क में कहा कि मेडिकल कॉलेज हेतु हमारे द्वारा कई बार पूर्व में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को पत्राचार करते हुए गीदम नगर में स्वीकृति हेतु विशेष प्रयास किया गया था, यदि यह मेडिकल कॉलेज गीदम नगर के अलावा अन्यत्र स्थान में खुलता है तो बीजापुर, अबूझमाड़ सहित नारायणपुर जिले के ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी। इससे वो काफी दुखी और आहत महसूस करेंगी। उपाध्यक्ष मनकुराम लेकामी सहित पार्षद दल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज जिस स्थान के लिए घोषित हैं, उसे वहीं बनाया जाना चाहिए।

# चैट जीपीटी के माध्यम से बनाया जा रहा है शिक्षा को सशक्त

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन में चैट जीपीटी उन्नत भाषा मॉडल के माध्यम से शिक्षा को सशक्त बनाया जा रहा है। जिसके लिए जयंत नाहटा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के द्वारा जनवरी 2024 में दंतेवाड़ा ब्लॉक के सभी शिक्षकों के लिए चैट जीपीटी मॉडल की मूलभूत जानकारी प्रदाय करने के उद्देश्य से 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी शिक्षकों को एआई तकनीक से परिचित कराते हुए उनकी शैक्षणिक दक्षताओं में वृद्धि करते हुए शैक्षणिक कार्यों में चैट जीपीटी का उपयोग को बढ़ावा देना। माह जनवरी में प्रारंभिक सफलता के बाद माह अक्टूबर 2024 में इस पहल को दंतेवाड़ा जिले के समस्त विकासखण्ड दंतेवाड़ा,गीदम, कुआकोंडा और कटेकल्याण में भी लागू किया गया।







# निगम टीम ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- गर्ल्स कॉलेज रोड का मामला : अवैध निर्माण से रोड हो गई थी संकरी



नगर निगम की तोड़ूदस्ता टीम ने महात्मा गांधी वार्ड कलेक्टर रोड गर्ल्स कॉलेज जाने के मार्ग में एक अवैध निर्माण को बुलडोजर की सहायता से ढहाया है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार उक्त जगह पर निगम की परमिशन के बगैर मकान का निर्माण किया गया था। इसकी जानकारी होने पर निगम ने अवैध निर्माण रोकने नोटिस जारी किया। नोटिस की तामिली के बाद भी संबंधित पक्ष ने अवैध निर्माण नहीं रोका एवं मकान बनाने का काम शुरू रखा। निगम टीम ने नोटिस देने के बाद स्थल पर जाकर निर्माण कार्य रोकने व अवैध निर्माण हटाने का आग्रह किया। इसके बाद भी संबंधित पक्ष ने कोई माकूल जवाब नहीं दिया। सोमवार को निगम कमिश्नर के आदेश पर निगम की तोड़ूदस्ता, रोका छेका टीम एवं पुलिस टीम की मौजूदगी में बुलडोजर की सहायता से अवैध निर्माण को ढहाया गया एवं फिर निर्माण नहीं करने की चेतावनी देते हुए रास्ता साफ किया गया। इस दौरान खूब वाद-विवाद हुआ। निर्माण नहीं ढहाने की बात पर वे अड़े रहे। पुलिस की मौजूदगी में उन्हें निर्माण स्थल से हटाया गया। बता दें कि निर्माण कार्य होने से रास्ता संकरा हो गया था।



**खबर संक्षेप**



## शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित

**चारामा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा इकाई चारामा द्वारा शिक्षकों की बैठक आयोजित किया किया। बैठक में पुरानी सेवा गणना सहित अन्य मांगों को लेकर चर्चा की गई और साथ ही 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित संबंधित मंत्री व अधिकारियों के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने चर्चा किया किया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने शिक्षकों के वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन की मांग पूरी होगी, लंबित महंगाई भत्ता व देय तिथि से महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग पर चर्चा की गई।

## शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

**सरोना।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद आरक्षक विशाली राम विधानसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान नक्सली हमले का शिकार हुए और शहीद आरक्षक हेमंत कुमार पोया, जिन्होंने बुरकापाल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में वीरता का परिचय दिया। कार्यक्रम में रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता केएल कोर्राम, एसपी नेताम, गरिमा, अंबिका, देवेश व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया पथ संचलन

**भानपुरी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा विजय उत्सव के शुभ अवसर पर रविवार को ग्राम करंदोला भानपुरी के राष्ट्रीय राजमार्ग में पथ संचलन किया गया।

# विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में 292 मरीजों की जांच, दवा का वितरण

**आमागुहान दमकसा में लगाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

आमागुहान दमकसा में 21 अक्टूबर को एक दिवस निःशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद होम्योपैथिक पद्धति से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयुष स्वास्थ्य मेला के मुख्य अतिथि गोंडी धर्माचार्य एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक शेर सिंह आंचला रहे। संचालक आयुष विभाग रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजना अनुसार जिला आयुष अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजन हुआ।

चिकित्सा शिविर में चिकित्साकों द्वारा वात रोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, सहित अन्य सभी प्रकार के जटिल रोगों का आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। उक्त शिविर में नेत्र परीक्षण 18, रक्त परीक्षण 24, आयुर्वेद चिकित्सा 165, होम्योपैथिक चिकित्सा 60 योग चिकित्सा 25 मरीज लाभार्थी हुए। शिविर में डॉ. व्हीएस भदौरिया, डॉ. अमित कुमार दास, डॉ. प्रवीण सामल, डॉ.प्रीति बाला ठाकुर, फार्मासिस्ट दिनेश राम, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, सीमा कावडे, आयुर्वेद महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आसारी ठाकुर इंदु चंद्राकर, सविता कोमरे योग, प्रशिक्षक शिव प्रसाद बघेल कर्मचारी गुरु देवल दीवान रामेश्वर नाग, जगदीश मरकाम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पैथोलॉजिस्ट कोटपरिया, नेत्र सहायक टिकेश्वर ने सेवाएं दी। शिविर प्रभारी डॉ. केव्ही गोपाल ने आयुष स्वास्थ्य मेला में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालों का आभार व्यक्त किया।



### दे रहे महत्वपूर्ण योगदान

इस अवसर पर ग्राम गायता रमेश देहारी, पद्मा उयके उपसरपंच, प्रमिला दुग्गा वार्ड पंच, मनोज दुग्गा, भगवान सिंह गावड़े, कोमल कुंजाम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। शेर सिंह आंचला के मुख्य अतिथि में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला दमकसा के कार्यक्रम में अधिकारी एवं कर्मचारियों के समर्पित टीम के साथ विशेष गोंडी धर्माचार्य शेर सिंह आंचला ने अपने आश्रम के निजी भूमि में 11 एकड़ में वनौषधि को संरक्षित एवं रोपण कर आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र एवं जागरुकता कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया जा रहा है।

**सफलता :** एक फरार आरोपी की पुलिस कर रही तलाश

# श्रीराम लीला मंडली भवन से लाखों की चोरी, 4 चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



विकासखंड कांकेर के नारा के श्रीरामलीला मंडली भवन में नकद 7 लाख रुपए चोरी होने का मामला सामने आया था। मामला दर्ज होने के उपरांत पुलिस ने चोरों की पतासाजी में जुटी। 4 चोर पुलिस के हत्थे चढ़े वहीं एक चोर फरार है। फरार चोर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

मामले की गंभीरता को देख वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन में कांकेर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर नजरी नक्शा तैयार किया। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली जानकारी एवं सीसीटीवी फुटेज एवं टावर डंप व टेकेनिकल सहयोग के आधार पर प्रकरण में जगदपुर के संतोषी वार्ड बोधघाट निवासी 47 वर्षीय संतोष कुमार दहिया उर्फ टिरली पिता स्व. रतन लाल, मेटगुड़ा निवासी नर सिंह कश्यप के बारे में संलिप्त होने की जानकारी मिली। आरोपी संतोष जगलदपुर से पकड़ में आया,वहीं नरसिंह कश्यप अपने मोबाइल फोन को बंद कर फरार हो गया। आरोपी संतोष से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि नारा के दो व्यक्ति 28 वर्षीय उमाकांत जैन पिता पेन कुमार जैन और 31 वर्षीय प्रहलाद सिन्हा पिता छबिलाल दोनों लोग अलग अलग अपराधों में कांकेर जेल में मेरे साथ थे। दोनों ने जेल में बताया था कि नारा में रामायण मण्डली है और मण्डली के आलमारी में हमेशा 10-12 लाख रुपए रहता है। मण्डली का घर गांव के बीच में है, वहां पर तीन मकान है। पहला मकान में आलमारी रखा हुआ है, ऐसा कहकर उमाकांत और प्रहलाद ने योजना बनाकर संतोष को बताया। कुछ दिनों बाद तीनों जमानत से कांकेर जेल से बाहर आने के बाद एक दिन संतोष अपने दोस्त नरसिंग कश्यप के साथ मोटर सायकल से जगदलपुर से कांकेर पहुँचे और पुराने साथी महेंद्र पिता वीर सिंह नारा से मुलाकात किया।

महेंद्र ने संतोष को रात में रामायण मंडली के मकान को जाकर दिखाया और बोला कि आप लोगों से माकड़ी में मिलूंगा। संतोष और नरसिंग रामायण मंडली से आठ लाख रुपए चोरी करके माकड़ी न पहुँचकर सीधे जगदलपुर भाग गए। चोरी किए रकम को खाने पीने एवं जुआ सट्टा में खर्च करना बताया।

### पकड़े गए आरोपी व जब्त सामान

इस मामले में संतोष कुमार दहरिया, उमाकांत जैन, प्रहलाद सिन्हा, महेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया, वहीं नर सिंह फरार है। आरोपी संतोष कुमार दहिया से मोटर सायकल, आलमारी, फ्रीज, साउण्ड बाक्स तथा मोबाइल जुमला कीमत 1 लाख 56 हजार रुपए बरामद किया गया है। आरोपियों को 21 अक्टूबर की रात को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में पूर्व धारा 331 (4), 305 (ए), 69 (2), 238, 3 (5) बीएनएस की धारा पृथक से जोड़ी गई।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, सहा उप निरीक्षक वेदन सलामे, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश कृषान, शक्ति सिंह, विरेन्द्र वट्टी, ढाल सिंह गंगासागर का योगदान रहा।

# रासेयो पटौद द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का मोहपुर में हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद का सात दिवसीय विशेष शिविर मुनगाडीह मोहपुर में 21 अक्टूबर को जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य डीएस निषाद की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि महाबती सलाम सरपंच, गिरवर मंडावी उपसरपंच एवं समस्त ग्राम पंचायत प्रतिनिधि तथा समस्त स्टाफ, स्वयसेवकों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

शुभारंभ के अवसर पर पहुँचे अतिथियों ने स्वयंसेवकों से कहा कि शिविर में बताए गए नियमों से एक अच्छे नागरिक का निर्माण होता है और जीवन में अनुशासन आता है। कार्यक्रम अधिकारी श्रद्धा पवन सेन ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और कार्ययोजना की जानकारी देते हुए शिविर में विद्यार्थियों द्वारा अनुसरण की जाने वाली दिनचर्या की जानकारी दी गई। सात दिवसीय विशेष शिविर में 19 छात्राएं एवं 31 छात्र सम्मिलित हैं, जिनमें महादलनायक के लिए रितेश जुर्री और महादलनायिका के रूप में शीतल उसेंडी को चुना गया। साथ ही समस्त स्वयं सेवकों को 5 दल में बांटा गया, जिनके नाम छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी नदियों के नाम जैसे महानदी, इंद्रावती, शिवनाथ, अरपा, पैरी के नाम पर रखा गया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में बालाराम भास्कर, तुकाराम नेताम, मानकुंवर वट्टी, नगीना भास्कर, बसोन पोटाई एवं अन्य सभी पंचायत प्रतिनिधि, नारद मंडावी ग्राम पटेल, ग्रामवासी, वरिष्ठ व्याख्याता एचआर मंडावी, एलके भूसाखरे, कृष्णा करायत, वासुदेव पैंकरा, वंदना पटेल, माधवी नेताम, गौरव मिरानी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित ट्रक घुसा दुकान के अंदर दुकानदार व भतीजा बाल बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- दुकानदार ने आरोपी चालक के खिलाफ दर्ज करवाया मामला
- मोबाइल में बात करते हुए चला रहा था वाहन



भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ रोड में स्थित मेडिकल दुकान में लापरवाह ट्रक के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए घुसा दिया। ट्रक दुकान के सामने लगे टीन शेड से टकराते हुए अंदर घुस गया। घटना में दुकान संचालक को भी चोट आई है। थाना में शिकायत करने पहुचे भानुप्रतापपुर निवासी 43 वर्षीय नीलेश जैन पिता स्व. लक्ष्मीचंद जैन ने पुलिस को बताया कि मेडिकल दुकान चलाता हूं। मेडिकल स्टोर के पास 20 अक्टूबर को शाम करीबन साढ़े 7 बजे था, तभी अचानक आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 24 के 3680 के चालक द्वारा ट्रक को तेज गति से चलाते हुए मेरे मेडिकल स्टोर्स में ट्रक को घुसा दिया। मेरा मेडिकल स्टोर अंतागढ़ रोड किराने है। घटना के समय वहां पर वे और उनका भतीजा बात कर रहे थे। ट्रक ड्रायवर मोबाइल में बात करते हुए चला रहा था और दुकान के टीन शेड को टक्कर मार दिया। ट्रक की चपेट में आने से मेरे हाथ में भी चोट आई है। ट्रक चालक मोबाइल पर बात नहीं करता, तो यह हादसा नहीं होता। दुकानदार का कहना है कि इस मार्ग पर ट्रक के चालक ट्रक को बहुत तेज गति से चलाते है और मोबाइल पर बात करते है। हम लोग सतर्क थे, इसलिए बड़ा हादसा होते होते टल गया। पुलिस से हमारी माँग है कि भानुप्रतापपुर नगर में ट्रक की गति की लिमिट मिनिमग गति का पालन करवाया जाएं।

इस क्षेत्र से लौह अयस्क के ट्रकों का आना जाना ज्यादा होने से सड़को पर दबाव बढ़ गया है। ट्रक चालक मनमानी ढंग से जहाँ चाहे, वहाँ खड़ा कर देते है और नगरवासी परेशान होते रहते है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपर कलेक्टर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों से जानकारी ली। जिसमें विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बांगाचार के नेवारखेड़ा क्वाचीकटेल के बीच इंदुल नाला पर पुल निर्माण की अति आवश्यकता है, जो कि बारिश के दिनों में कई गांव बांगाचार, क्वाचीकटेल, नेवारखेड़ा, कोपाकटेल, सनतराई, मन्हाकाल हेतले, एनहुर, लोहारी, कुरूषबोड़ी के ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के आने जाने भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बांगाचार से नेवारखेड़ा पहुंच मार्ग इंदुल नाला में पुल निर्माण कि समस्या को देखते हुए उक्त नाला पर पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति करने की मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच गुलाब बघेल, राजकुमार, रमेश कुमार वट्टी, फूल सिंह, सनऊराम, मागीयाराम, नंदलाल हुरा, निर्मला, लक्ष्मन बाई, राजोन कोवाची, माधुरी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कालेज के पूर्व छात्र राजेश को श्रद्धांजलि देकर मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

अपने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमर शहीद राजेश पवार और अजय शर्मा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया।

पुलिस स्मृति दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि हम सभी के लिए गौरव की बात है कि शहीद राजेश पवार जैसे वीर सपूत हमारे कॉलेज से उच्च शिक्षा प्राप्त किए। उन्होंने यह भी कहा कि भाग्यशाली भी हूँ कि मुझे राजेश पवार जैसे वीर सपूतों को पढ़ाने का अवसर मिला है। अंत मे इन्होंने यह भी कहा कि शहीद राजेश पवार देशभक्ति व देश प्रेम को अपने प्राणों से अधिक महत्व दिया और इस मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।



### इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष कमल किशोर प्रधान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नंदिनी ध्रुव, रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, क्रीड़ा प्रभारी चेतन श्रीवास, योगेश यादव, श्रीदाम ढाली, टुपेश कोसमा, ईश्वर सिन्हा, धनेश्वर बांधे, अनिल साहू, जीवनलाल साहू, सूर्यकांत देवांगन, निशा तिवारी, मुकेश डहरवाल, प्रीतम कोमरे, किसान गावड़े, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, सोहद्रा विश्वकर्मा, विवेक वर्मा, अश्विनी प्रधान, प्रवीण ठाकुर, दिलीप रामटेक, पूरन गोटी, गिरधारी लाल सिन्हा, गिरीश काले, दीपक यादव, नेमीचंद भूसाखरे, बाबुलाल कोठारी, देवेंद्र सिन्हा, रविंद्र कोर्राम, देवनाथ दरपट्टी, प्रमोद साहू सहित छात्र-छात्र मौजूद रहे।

## करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाएं रही उत्साहित



**दसपुर।** ग्राम दसपुर, बेवरती, सरंगपाल, कोदाभाठ, गोविन्दपुर सहित ग्रामीण अंचलो में सुहागिन महिलाओं ने निराहार रहकर करवा चौथ का श्रद्धापूर्वक व्रत रखा। महिलाएं पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य एवं सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करवा चौथ का व्रत रखती हैं। कांकेर शहर में भी करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाएं उत्साहित रहीं। वहीं शहर के आमापारा के श्यामली भवन में व्रती महिलाओं ने समुह में शिव पार्वती कार्तिकेय व गणेश का पूजन किया। इस अवसर पर गायत्री यादव, श्यामली ठाकुर, धनेश्वरी कोठरिया, रानी साहू, स्नेहा गुप्ता व अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन व मक्का की फसल लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

- चर्चा के लिए बैठक आयोजित

ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन चना, मटर, मूँग, उड़द, मसूर, तिवड़ा एवं सरसों, अलसी, मूँगफली, सूरजमुखी, कुसुम मक्का, उद्यानिकी, नगदी फसल प्रतिस्थापन पर रंग मंच मासुलपानी में बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में कृषि उप संचालक जितेंद्र कुमार कोमरा द्वारा विश्व में जल संरक्षण में बेहतरीन काम करने एवं ग्राम पंचायत मासुलपानी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई देते हुए ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन-तिलहन व मक्का फसल अपनाने पर प्रोत्साहित किया गया।

कृषि उप संचालक द्वारा ग्रीष्मकालीन में धान फसल लेने पर अधिक पानी, उर्वरक, कीटनाशक, अधिक लागत, फसल चक्र परिवर्तन पर जागरूक करते हुए दलहन- तिलहन एवं मक्का फसल लेने, इन फसलों की उन्नत तकनीक विधि से खेती, कम लागत, कम पानी की आवश्यकता, बाजार मूल्य पर विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों द्वारा झुरा नाला के संबंध में जानकारी देते हुए स्टाफ डेम की आवश्यकता पर बात कही, जिससे स्टाफ डेम बनने पर पर्याप्त पानी की सुविधा ग्राम वासी को मिल पाएगी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरहरपुर दिनेश कुमार कुंजाम द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली कृषि अनाज के साथ साथ दलहन- तिलहन, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं मेडो का उपयोग दलहन तिलहन फसल, सब्जी, फलदार पौधें लगा कर अधिक आय अर्जित करने पर जानकारी दी गई I उतेरा फसल मटर बटरी, चना, सरसों एवं अलसी फसल लेने एवं फायदे पर विस्तृत जानकारी दी गई I बैठक में ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन- तिलहन एवं मक्का फसल लगाने के लिए 47 किसानों द्वारा अपनाने के लिए सहमति दी गई एवं उक्त कृषकों का सूची तैयार किया गया। उतेरा फसल लगाने वाले कृषकों को केंद्रीय क्षेत्रीय बीज ग्राम योजनान्तर्गत 60 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान रामजी नेताम ग्राम पटेल मासुलपानी, पांडो सिंह मारकाम ग्राम पटेल ढोढरापहर, रोहिदास शोरी भूतपूर्व जनपद सदस्य, गंगा राम कोडोपी भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मासुलपानी, तामेश्वर साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देवगांव, रोशन कुमार निषाद ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर नरहरपुर, पीला राम क्रोमरा, मनोज सलाम, ध्रूव कुमार सरोज कृषक मित्र, आत्मा राम साहू प्रगतिशील कृषक एवं ग्राम मासुलपानी, ढोढरापहर, पत्थरीनारा, राजपुर एवं देवगांव के किसान भाई उपस्थित हुए।

## ग्रामीण ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत आतुखेड़ा निवासी राम नुरेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। रावघाट निवासी मंगलू राम नुरेटी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 20 अक्टूबर को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411